# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2026 / 9479 दिनांकः 11.02.2026



## परीक्षार्थियों से अपील

विश्वविद्यालय के लगभग 1.30 लाख परीक्षार्थियों की सेमेस्टर NEP/मुख्य परीक्षाएँ दिनांक 12.02.2026 फरवरी, गुरूवार से प्रारम्भ होने जा रही है। इन परीक्षाओं के संदर्भ में मेरा संदेश है कि :—

सभी पाठ्यक्रमों मे पाठ्यक्रम की सभी पाँच इकाई लागू रहेगी तथा परीक्षाएं तीन पारियों मे तथा प्रत्येक पारी की परीक्षा का समय तीन घन्टे रहेगा।

किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में अनुचित साधनों यथा – नकल करना, संकेतों अथवा बातचीत के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर जानने का प्रयत्न करना, परीक्षा संचालन से जुड़े किसी कार्मिक से परीक्षक का नाम जानने की कोशिश करना अथवा परीक्षक से संभावित प्रश्न पत्र जानने का प्रयास करना इत्यादि से विरत/दूरी बनाए रखना चाहिए। इसी प्रकार परीक्षा का बहिष्कार अथवा बहिर्गमन, इनमें संलिप्त होना अथवा अन्य परीक्षार्थियों को इस हेतु दुष्प्रेरण, परीक्षा सामग्री को छीनना अथवा नष्ट करना, परिवीक्षक अथवा अन्य परीक्षार्थियों के साथ अशिष्ट, अशोभनीय अथवा अमर्यादित व्यवहार एवं हिंसा और परीक्षा हेतु निर्धारित नियमों, प्रावधानों तथा प्राधिकारियों के निर्देशों का उल्लंघन परीक्षा संबंधी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आते हैं एवं इस हेतु संबंधित परीक्षार्थी को दण्डित करने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त बहिष्कार की स्थिति में पुनः परीक्षा कराने का प्रावधान भी नहीं है। नकल तथा अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा पारित सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992 के अंतर्गत कार्यवाही करने के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी सक्षम हैं तथा इसमें दोष सिद्ध होने पर अर्थदण्ड एवं कारावास का प्रावधान है।

परीक्षा कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है, अतः सभी परीक्षार्थियों से अपेक्षा करता हूँ कि वह परीक्षा समय के दौरान मोबाइल अपने साथ में नहीं रखें। परीक्षार्थी के पास मोबाइल पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विश्वविद्यालय अनुचित साधन के उपयोग के नियमों के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

अतः छात्रों से अनुरोध है कि किसी भी स्थिति में अनुचित साधनों का उपयोग न करें तथा परीक्षा संबंधी सूचनाओं के लिए समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

विगत वर्षों में यह देखा गया है कि छात्र अपनी उत्तरपुस्तिका, OMR पर अपने रोल नम्बर, पेपर कोड इत्यादि का इन्द्राज गलत कर देते हैं व OMR में गोले गलत कर देते हैं। जिससे परीक्षा परिणाम तैयार करते समय Scanning गलत होती है तथा छात्र का परिणाम प्रभावित होता है या घोषित नहीं हो पाता है। अतः छात्र अपना रोल नम्बर, पेपर कोड इत्यादि का उत्तरपुस्तिका में इन्द्राज कर स्वयं पुनः जाँच कर सुनिश्चित कर लेवें एवं उत्तरपुस्तिका पर मुद्रित बारकोड़ का इन्द्राज प्रवेश पत्र पर अवश्य करें साथ ही प्रश्नपत्रों के संबंध में यदि कोई शिकायत हो तो निर्धारित अवधि में संबंधित परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक को लिखित रूप से अवगत करावें ताकि विश्वविद्यालय की समुपयुक्त समिति द्वारा उक्त

# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

शिकायतों पर समुचित निर्णय लिया जा सके। विश्वविद्यालय प्रशासन समस्त वास्तविक शिकायतों के सन्तोषप्रद निराकरण की दिशा में सदैव तत्पर है।

अन्त में मैं परीक्षार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उनसे यह अपेक्षा करता हूँ कि परीक्षा में सम्मिलित होने के दौरान वे कोई ऐसा अनुचित कृत्य अथवा आचरण नहीं करेंगे जो उनकी, उनके परिवार की तथा उनके विश्वविद्यालय की गौरव–गरिमा एवं मान–मर्यादा के प्रतिकूल हो।

शुभकामनाओं सहित,

**(प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत)**
**कुलगुरू**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेषक.............................................................................।
2. वित्त नियंत्रक, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
3. प्रभारी जनपद विभाग, राजस्थान विद्यापीठ, कोलपोल, उदयपुर बड़ा बाजार, उदयपुर को भेजकर लेख है कि इस सूचना को लिखित में तथा सूचना में प्रसारित करें।

**परीक्षा नियन्त्रक**